an>

Title: Issue regarding illegal slaughter house along embankments of river Tamsa in Mau district in Uttar Pradesh.

श्री हरिनरायन राजभर (घोसी) : माननीय सभापति, मरे संसदीय क्षेतॣ के अंतर्गत जनपद मऊ में नगर की सुरक्षा के लिए वर्ष 1980 में सुरक्षा तटबंध का निर्माण किया गया जिसका उद्देश्य तमसा नदी की बाढ़ से नगर की रक्षा करना था। नगर के ढेकुलिया घाट से शुरु हुआ ये बंधा लगभग 4 किलोमीटर भदेसरा मुहल्ले तक जाता है। इस तटबंध पर तमसा नदी के किनारे नगर पालिका परिषद् मऊ के द्वारा पिछले पांच सालों के किनारे बूचड़खाना का अवैध निर्माण करवाया गया जबकि किसी भी नदी के किनारे इस पॣकार की पशु वधशाला की व्यवस्था नहीं है। हमारे जनपद की पौराणिक नदी तमसा आगे चलकर जनपद बलिया में पतित पावनी मां गंगा में मिल जाती है। इस पशु वधशाला में नगर पालिका परिषद् और जिला पॣशासन की मिलीभगत से बिना लाइसेंस के पॣतिदिन सैंकड़ों महीसवंशी, पशुओं को काटकर उनका मांस टॣकों एवं अन्य साधनों से अन्यतॣ पॣदेशों और देशों में भेजा जाता है।